## एक नजर

### उद्यमिता जागरुकता का कार्यक्रम आज

**नर्मदापुरम/06,जनवरी,2026/** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वाधान में 7 जनवरी बुधवार को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल वाटिका पैलेस में दोपहर 12 .30 बजे से किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि जिले के औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों एवं युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत स्कीम के तहत प्रति माह 10 हजार रुपए की राशि एवं 12 माह तक उक्त सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिए प्रदान किया जा रहा है। बैंक एवं वित्तीय संस्थान से ऋण स्वीकृत होने पर स्वीकृत राशि का 15 प्रतिशत और अधिकतम 15 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता स्टार्टअप को प्रदान की जाती है। राज्य शासन द्वारा उक्त सहायता प्राप्त करने एवं कार्यक्रम में भागीदारी हेतु इच्छुक स्टार्टअप startup. mp. gov.in पर पंजीयन करा सकते हैं। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को प्रति माह 10 हजार रुपए की राशि एवं 12 माह तक उक्त सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# अनुपस्थित अधिकारियों को मिली फटकार

## जनसुनवाई में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारियों पर सख्त हुईं कलेक्टर



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/06,जनवरी,2026/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के 91 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पेंशन एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदनों का कलेक्टर द्वारा समाधान किया गया। कलेक्टर ने पूर्व में दर्ज जनसुनवाई आवेदनों की भी समीक्षा करते हुए अधिक लंबितता वाले विभागों को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों पर कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, एडीएम श्री राजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, श्री बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत उन्द्राखेड़ी, तहसील नर्मदापुरम, निवासी राजीव चौरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम कलमेसरा तहसील सोहागपुर निवासी अभय राम, संतोष, सुनील एवं अन्य ने शिकायत की कि शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण होने से किसानों को खेत पहुंचने में कठिनाई हो रही है।

इस पर कलेक्टर ने एसडीम सोहागपुर को निर्देशित किया कि मौके का मुआयना कर रास्ते का सीमांकन करें तथा अतिक्रमण हटाने की आवश्यक कार्रवाई करें।अन्य मामले में ग्राम कोटगाँव, माखननगर निवासी राधेकिशन यादव ने वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को जांच कर वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए निर्देशित किया।

### अन्य मामले जिन पर हुई सुनवाई

जनसुनवाई के दौरान नर्मदापुरम निवासी शांति कौशल ने पट्टा प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी नौशाद अली,पी.डब्लू.डी. में कार्यरत कर्मचारी ने वेतन ना मिलने के संबन्ध मे आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग अधिकारी को जांच कर सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार इटारसी निवासी मालती सराठे ने उनके पति की दुर्घटना में मृत्यु के उपरांत आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को उचित सहायता प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार कुल 91 आवेदकों की समस्याओं का समाधान कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के दौरान किया गया।



# सड़क हादसे में मृत हुए युवक का शव रखकर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**हरदा, 06 जनवरी** सड़क हादसे में मृत हुए युवक के परिजनों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने मृतक को टक्कर मारने वाले वाहन चालक का पता लगाकर कार्रवाई करने एवं मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की ।कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम अशोक डेहरिया एवं सिटी कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती मौके पर पहुंचे उन्होंने परिजनों को समझाइश दी,इसके बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर की शकूर कॉलोनी निवासी संतोष सेजकर आयु 47 वर्ष को सोमवार को हंडिया क्षेत्र में कोई वाहन चालक टक्कर मारकर चला गया ।घायल होने के बाद संतोष को एक कार चालक जिला अस्पताल में भर्ती करा गया, जहां इलाज के दौरान संतोष की मृत्यु हो गई।

युवक की मौत के बाद पुलिस ने मोबाइल से परिजनों का पता लगाकर सूचना दी ।एसडीएम अशोक डेहरिया ने कहा कि सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मार्ग कायम किया है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि नियमानुसार मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 27 में मृतक श्रमिक संतोष सेजेकर की पत्नी श्रीमती उर्मिला बाई को योजना अंतर्गत अंत्येष्टि हेतु 5000 रुपए नगद प्रदान किए गए।

# महिला के सिर पर गेट गिरने से हुई मौत

दोपहर में एक महिला मजदूर की फैक्ट्री में झाड़ू लगाते समय एक स्लाइडिंग गेट महिला के सिर पर गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 06 जनवरी 2025** औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत राठी एग्रो प्रोडक्ट फैक्ट्री में एक हादसे में एक महिला मजदूर की मौत हो गई। बताया जाता है कि फैक्ट्री में झाड़ू लगाते समय स्लाइडिंग गेट महिला के उपर गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मृतका सोमलवाड़ा खुर्द निवासी अंशु पति विजय चमनिया बतायी जाती है। अंशु फैक्ट्री परिसर में सफाई का काम कर रही थी। दोपहर के समय जब वह झाड़ू लगा रही थी, तभी फैक्ट्री का भारी स्लाइडिंग गेट अचानक असंतुलित होकर उसके सिर पर आ गिरा। इस हादसे में अंशु के माथे पर गहरा घाव हो गया और नाक व कान से खून बहने लगा।

हादसे के बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने अंशु को तत्काल इटारसी के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, महिला की मौत सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई। यह आटा फैक्ट्री राघव राठी और प्रसून मिश्रा की बताई जा रही है, जो लगभग 10 दिन पहले ही शुरू हुई थी। सूचना मिलते ही इटारसी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई जनक पवार ने बताया कि हादसे के कारणों और स्लाइडिंग गेट गिरने की वजह का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद फैक्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था और संभावित लापरवाही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस की ओर से अभी तक किसी जिम्मेदार पक्ष पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### 7 जनवरी से शुरू होगी शिव महापुराण कथा

**सोहागपुर** शहर की भोलेनाथ समिति द्वारा आबकारी कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में 7 जनवरी से 13 जनवरी तक सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक आयोजित की जाएगी कथावाचक पंडित श्री राम स्रोति शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे. आयोजन समिति के राजकुमार मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन शिव महापुराण कथा के आरंभ से पूर्व सुबह 9.00 बजे से शिवपूजन का आयोजन किया जाएगा. कथा आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली जाएगी.

# नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/06,जनवरी,2026** / कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने सेठानी घाट पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलमंच, सर्किट हाउस से जलमंच तक मुख्य अतिथि के जलमार्ग, कंट्रोल रूम, अस्थायी अस्पताल हेतु तिलक भवन सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, एडीएम श्री राजीव रंजन पांडे, एडिशनल एसपी श्री अभिषेक राजन, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र सिंह, सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि घाट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थान सुनिश्चित किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध रहे।



### जपं की सामान्य सभा की बैठक आज

**नर्मदापुरम** जनपद पंचायत नर्मदापुरम में निर्वाचित जनपद सदस्यो की प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित होती है बैठक में जनपद पंचायत से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं खण्ड स्तरीय एक साथ मिलकर विकास और प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हैं एवं जनपद क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं। जनपद अक्ष्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे ने बताया कि जनपद की बैठक हमेशा जनपद मुख्यालय पर जनपद सभागृह में की जाति है इस बार 7 जनवरी 26 को जनपद पंचायत की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर में किया जा रहा है इस संबंध में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ नववर्ष मिलन समारोह का भी आयोजन किया

### ठगी महिला के खिलाफ थाने में अपराध पंजीबद्ध

**सोहागपुर** नौकरी और आवास दिलाने के नाम पर शहर में ठगी का मामला प्रकाश में आया है पुलिस ने मुख्य आरोपी महिला सोनू पांडे उम्र 35 वर्ष पति धर्मराज पांडे निवासी गांधीनगर जैन दाल मिल इटारसी को 14 लोगों से नौकरी और आवास दिलाने के नाम पर 7 लाख रुपया की ठगी करने के मामले में महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध कर पुलिस हिरासत में लिया है थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि आरोपी महिला स्वयं को इटारसी नपा का कर्मचारी बता कर गांव में कार से पहुंचती थी और लोगों को अपनी प्रभावशाली बातचीत से उन्हें झासे में लेती थी.

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**हरदा, 06 जनवरी** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी निर्मला बाई ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर अपने पति की मृत्यु पर अंत्येष्टी सहायता व सम्बल कार्ड की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने सीएमओ को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।



हरदा निवासी बिजलीबाई ने पट्टे पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर सीएमओ को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम छीरपुरा निवासी कान्ताप्रसाद ने आवेदन देकर अपने मकान पर जाने आने के लिये रास्ते की मांग की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में भोलू सैनी ने कचरा वाहन रिपेयरिंग की राशि का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की.

### माता-पिता ही इस पृथ्वी पर साक्षात ईश्वर हैं

**हरदा** गुप्तेश्वर मंदिर में चल रही भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में पंडित आशीष रावत के मुखारविंद से श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बड़ा भाव भक्ति पूर्ण वर्णन किया गया । माता यशोदा और श्री कृष्ण के प्रेम की अद्भुत लीला का वर्णन सुनते हुए कथावाचक ने बताया की ईश्वर भी मां के प्रेम के लिए धरती पर अवतरित होते है।

जब वह धरती पर अवतार लेते हैं तो उन्हें भी अपनी बाल लीलाओं को करने हेतु मां की आवश्यकता होती है । मां का निश्चल प्रेम में ही ईश्वर की अनुभूति होती है इसलिए धरती पर यदि कोई ईश्वर है तो वह अपने माता-पिता ही है।

# कलमेसरा सरपंच के चुनाव में 197 मतों से सुपयार विजयी

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक के 138 सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कलमेसरा में सोमवार 29 दिसंबर को सरपंच के विरुद्ध लाय गए अविश्वास प्रस्ताव के चलते नए सरपंच का चुनाव कराया गया चुनाव में मतदान का प्रतिशत 85.28 प्रतिशत रहा था पंचायत के पंजीकृत मतदाता 1481 में से 1263 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नए सरपंच का चुनाव किया तहसीलदार रामकिशोर झरबडे ने बताया कि शुक्रवार 2 जनवरी को हुई मतगणना में सुपयार सिंह 197 मतों से विजई हुए उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी पूजा बाई अहिरवार को पराजित किया तहसीलदार ने बताया कि कुल 1481 वोट में से पूजा बाई अहिरवार को 523 एवं सुपयार सिंह को 720 वोट मिले वहीं 30 लोगों ने नोटा का उपयोग किया चुनाव में सुपयार सिंह सरपंच चुने गए 197 मतों से उन्हें विजय घोषित किया गया मत करना के बाद तहसीलदार ने नए सरपंच को विजय का सर्टिफिकेट दिया इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे.

### रेशमा तेकाम राष्ट्रीय शालेय कबड्डी में लेंगी भाग



**इटारसी**//आदिवासी ब्लाक केसला के पी एम श्री जमानी स्कूल में पढ़ाई करने वाली 9 वीं कि छात्रा रेशमा तेकाम निवासी खटामा अब 69 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी 14 वर्ष बालिका प्रतियोगिता गुदिवाडा आंध्र प्रदेश में 19 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले कबड्डी में भाग लेंगी पहले इस बालिका ने खंडवा के खालवा में आप नाम रोशन जीत हासिल कि थी.

# युवा दिवस पखवाड़े के प्रथम दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन





निबंध प्रतियोगिता में बडी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया.

नवभारत न्यूज

**माखन नगर, 06 जनवरी** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके विचार और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया. निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वस्तिक रावत बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान अनुष्का कहार बी.ए .द्वितीय वर्ष, कृष्ण कांत बी.कॉम. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया प्रतियोगिता का आयोजन रेड रिबन तथा रासेयो के तत्वाधान में किया गया. जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं डॉ. कविता दुबे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, डॉ. क्षमा मेहरा उपस्थित रहे निर्णायक के रूप में डॉ. राजकुमार पटवा और प्रो. शिवानी मालवीय की सराहनीय भूमिका रही. कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 07 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. प्राचार्य ने युवा उत्सव पखवाड़े पर समस्त विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया

### अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे

**पिपरिया** कोहरा व ठंड के दौरान जगह जगह अलाव जले वही ठंड से बचने गरम कपड़ो का सहारा लिया जा रहा है। पिछले तीन दिनो से प्रातः से रात्रि में घना कोहरा छा रहा है,हवा के साथ ओस की बूंदे भी गिर रही है जिससे मौसम में ठंडक आने पर जगह जगह अलाव जल रहे है। वही ठंड से बचने गरम कपड़ो का सहारा लिया जा रहा है।

### झूलेलाल चालीहा महोत्सव श्रद्धा के साथ संपन्न

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 06 जनवरी** गुजरात के भरूच में स्थित साईं आसनलाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित झूलेलाल चालीहा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भगवान श्री झूलेलाल के 26वें वंशज, ठकुर साईं मनीषलाल महाराज के सानिध्य में आयोजित चालीहा महोत्सव के आध्यात्मिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर इटारसी के झूलण सेवा समिति के नेतृत्व में सिंधी समाज के 41 श्रद्धालुओं का दल भरूच पहुंचा। इस यात्रा दल का नेतृत्व झूलण सेवा समिति के अध्यक्ष वासुदेव खुरानी ने किया। दल में मुख्य रूप से महेश नंदवानी, गोपाल सिद्धवानी, महेश वलेचानी, मनोज रामचंदानी, महेश मनवानी, विशाल , नंदलाल चेलानी, इंदर शिवदासानी, पप्पू मालवीय और महिला मंडल की अनेक सदस्याएं शामिल थीं।

### तहसील प्रांगण में बैठेंगे आरआई

**पिपरिया, 06 जनवरी 2025** तहसील प्रांगण में आरआई अब एक ही जगह पर बैठेगे। तहसील प्रांगण में तहसीलदार वैभव बैरागी द्वारा आरआई को बैठने हेतु एक कमरा तहसील प्रांगण में उपलब्ध कराया है जिसे तैयार कराया जा चुका है। टेबल कुर्सिया लगाकर आरआई विष्णु कौशल,संतोष ठाकुर,नरेन्द्र इवने तहसील में बैठकर नागरिको के काम निपटायेंगे।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** — कमिश्नर ने कार्य की प्रगति का किया अवलोकन एवं दिए निर्देश

# कलेक्टर्स कृषक विश्राम शेड का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं

आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन, पोषण वाटिका एवं शौचालय का निर्माण कार्य इसी माह पूर्ण किया जाए - कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/06,जनवरी,2026** / सभी भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में भवनों का निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी परिसर में पोषण वाटिका एवं शौचालय का निर्माण कार्य इसी माह पूरा किया जाए। नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने उक्त निर्देश नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा के कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। कमिश्नर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिले की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा कर रहे थे। बताया गया की नर्मदा पुरम जिले में 36 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 36 भवन स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें 32 भवन निर्माणाधीन है और चार अप्रारंभ है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 90 पोषण वाटिका स्वीकृत किए गए हैं जिनमें 18 प्रारंभ है। 45 शौचालय में से सभी अप्रारंभ है। यही स्थिति बैतूल एवं हरदा की भी है बैतूल में 36 आंगनवाड़ी भवन 241 पोषण वाटिका 87 शौचालय, हरदा में तीन भवन 60 पोषण वाटिका एवं 41 शौचालय स्वीकृत है जिनमें से कई में कार्य प्रारंभ है तो कई में कार्य अप्रारंभ है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को स्पष्ट निर्देश दिए कि उक्त सभी कार्य आसानी से पूरे किए जा सकते हैं अत: सभी कार्य इसी माह पूर्ण कर लिया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की शासन स्तर से विपणन संघ के उर्वरक भंडारण केन्दो में कृषक विश्राम शेड निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति एवं आवश्यक राशि प्राप्त हुई है उन्होंने कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और निर्देश दिए की अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिए जाएं। नर्मदापुरम हरदा और बैतूल जिले के कुछ स्थानों में कृषक विश्राम सेड निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में हुआ महिलाओं का समागम





नवभारत न्यूज

**सोहागपुर** सरस्वती विद्या मंदिर सोहागपुर में सप्त शक्ति संगम का कार्यक्रम गत दिवस आयोजित किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सप्त शक्ति कार्यक्रम की प्रान्त संयोजिका नीता गोस्वामी ने कहा कि हमारा परिवार टूटने ना पाएं, इस बात का ध्यान रखें। हमें नकारात्मक विचारों को त्यागना है, क्षमा भाव हमारे अंदर होना चाहिए एवं परिवार को ठीक करने के लिए हमारी भाषा, वेषभूषा तथा परिवार में एक दिन सामूहिक भोजन करने की योजना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को साथ बैठाएं, हमारा घर आदर्श हो, स्वास्तिक घर के द्वार पर बना हो, तुलसी का पौधा हमारे आंगन में हो, हमारे घरों में पांचों प्रकार के सुखों का समावेश हो व रामचरितमानस का पाठ हो। समाज में सशक्त भूमिका निभाने वाली महिलाओं का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। अनुभव कथन में ऊषा शुक्ला ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम अध्यक्ष तारा जायसवाल ने सारगर्भित व प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अल्का पुरोहित समाज सेविका भी उपस्थित रहीं। मंच के अतिथियों का परिचय शालिनी चौहान ने कराया।

